भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
IIT
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

कुलसचिव कार्यालय
(राजभाषा प्रकोष्ठ)

Office of the Registrar
(Rajbhasha cell)

पत्र संख्या. भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.)/ रा.भा.प्र./4(1)/हिन्दी कार्यशाला (भाग-II)/ 5217 **दिनांक: 28.05.2024** 29

1. समस्त अधिष्ठातागण
2. समस्त विभागाध्यक्ष/स्कूलों के समन्वयक
3. प्रभारी इकाई/केन्द्र/कार्यालय
4. समस्त आचार्य प्रभारी
5. अध्यक्ष, संरक्षक परिषद
6. चीफ काउंसलर, जिमखाना
7. मुख्य आरक्षाधिकारी
8. अध्यक्ष, वेब प्रबंधन एवं ई-मेल सेवा समिति
9. समस्त प्रशासनिक संरक्षक
10. समस्त संयुक्त कुलसचिव
11. समस्त उप कुलसचिव
12. समस्त सहायक कुलसचिव
13. निदेशक के निजी सचिव
14. कुलसचिव के वैयक्तिक सहायक
15. केयर टेकर, कुलसचिव कार्यालय

भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.)।

विषय: कार्यालय टिप्पणी एवं पत्राचार संबंधी हिंदी कार्यशाला का आयोजन।

महोदय/महोदया,

संस्थान राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रसार एवं प्रभावी कार्यान्वियन के लिए प्रतिबद्ध है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी हिंदी के प्रगामी-प्रयोग संबंधी वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में **दिनांक 13 जून, 2024 को *"कार्यालय टिप्पणी एवं हिंदी पत्राचार तथा वार्षिक कार्यक्रम: 2024-25 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति"*** विषयक एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त एक दिवसीय कार्यशाला का विवरण इस प्रकार है:

प्रशिक्षक	तिथि एवं सत्र	विषय
डॉ. संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी।	**दिनांक:** 13 जून, 2024 (गुरुवार) **प्रथम सत्र:** 11.00 से 02 बजे तक **द्वितीय सत्र:** 3.00 से 06 बजे तक	कार्यालय टिप्पणी एवं हिंदी पत्राचार तथा राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम: 2024-25 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति
स्थान: एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल (एबीएलटी- 4), भा.प्रौ.सं. (का.हि.वि.) वाराणसी।		

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने कार्यालय के गैर-शिक्षण कार्मिकों को दिनांक 06.06.2024 तक नामित करके राजभाषा प्रकोष्ठ के ई-मेल rajbhasha@itbhu.ac.in पर कर्मचारी का पूर्ण विवरण प्रेषित करने का कष्ट करें। इस हिंदी कार्यशाला हेतु कार्यालय के सभी कनिष्ठ सहायकों को अनिवार्य रूप से नामित करें। इसके अतिरिक्त कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ सहायक/वरिष्ठ सहायक/कनिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक/वरिष्ठ अधीक्षक को अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए नामित करने का कष्ट करें ताकि वे कार्यशाला के माध्यम से पूर्णतः लाभान्वित हो सके।

भवदीया,

Prasha Balora

उप कुलसचिव (राजभाषा)
भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.) वाराणसी